
# Activities Organised

**1** स्वच्छता अभियान, हरेला पर्व दिनांक 16 जुलाई,2022



हरेला पर्व - दि० 16 जुलाई 2022

79 यू०के० बटालियन एन.सी.सी. जी०पी०जी०सी० रामनगर द्वारा उत्तराखण्ड राज्य की लोक संस्कृति के प्रतीक 'हरेला पर्व' दि० 16 जु० 2022 के सुअवसर पर महाविद्यालय परिसर में ... चलाकर कँटीली झाड़ियों को काटकर पौधों की निराई-गुड़ाई कर खाद व पानी दिया गया। कैडेटों ने परिसर में प्लास्टिक व पॉलीथिन आदि कूड़े को बीनकर साफ-सफाई की। प्रभारी प्राचार्य डॉ० सुमन कुमार ने 'हरेला पर्व' की बधाई एवं शुभकामनाएँ देकर समस्त कैडेटों को राष्ट्रप्रेम एवं प्रकृति संरक्षण हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय डॉ० सुमन कुमार व चीफ प्रॉक्टर डॉ० जी०सी० पन्त तथा एन०सी०सी० प्रभारी डॉ० डी०एन० जोशी द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। हरेला पर्व के सम्बन्ध में कैडेट प्रदीप सिंह ने इसकी महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सीनियर अन्डर ऑफिसर हर्षित बिष्ट, अन्डर ऑफिसर वंश चौहान, विशाल कुमार, कुनाल पाण्डे, अजय सिंह, आरती, शबनम, रिंकी, ईशा नेगी, साक्षी रावत, समृद्धि रावत आदि कैडेट उपस्थित रहे।

प्रतिहस्ताक्षरित


Principal
P.N.G. Govt. P.G. College Ramnagar
(Nainital) Uttarakhand

79UKBN NCC — P.N.G. Govt. P.G. College Ramnagar (Nainital) Uttarakhand

डॉ० डी०एन० जोशी
प्रभारी-एन.सी.सी.



**2** पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान, आजादी का अमृत महोत्सव दिनांक 23 जुलाई,2022



Page No. 3 YOUVA
Date

आजादी का अमृत महोत्सव : पौधारोपण तथा स्वच्छता अभियान

दि० 23/07/2022

आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में पी०एन०जी० राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की 79 उत्तराखण्ड बटालियन एन.सी.सी. इकाई ने महाविद्यालय परिसर में वीर शहीदों की स्मृति में पौधारोपण तथा स्वच्छता अभियान चलाया। इससे पूर्व चीफ प्रॉक्टर डॉ० जी०सी० पन्त ने स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों की शहादतों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाल राष्ट्र की सेवा और सुरक्षा को सर्वोपरि कहा। प्रभारी प्राचार्य डॉ० सुमन कुमार ने प्रकृति संरक्षण एवं राष्ट्रोत्थान में युवाओं की भूमिका निर्धारित करते हुए अपने देश की सेवा हेतु सदैव तत्पर रहने की आशा व्यक्त की। उन्होंने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव, राष्ट्रीय एकता व अनुशासन के लिए प्रेरित किया। वनस्पति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० पी०सी० पालीवाल ने सभी कैडेटों को औषधीय वनस्पतियों एवं उनके गुणों को विस्तार से बताया, उन्होंने कासनी, कालमेघ और तुलसी जैसे पौधों को अपने घरों में भी उगाने के लिए कहा। एनसीसी प्रभारी डॉ० डी०एन० जोशी के नेतृत्व में कैडेटों ने बॉटनिकल गार्डन (वानस्पतिक उद्यान) में पौधारोपण किया। कैडेटों ने गार्डन में लगे सभी पौधों की निराई-गुड़ाई कर उनमें जैविक खाद व पानी देकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर सीनियर अन्डर ऑफिसर हर्षित बिष्ट, गौरव ध्यानी, सन्दीप कुमार, कार्तिक जोशी, प्रदीप सिंह, कुनाल पाण्डेय, विशाल कुमार, अजय सिंह, वंश चौहान, भूपेन्द्र कुमार, कमल सिंह, नमन मेहता, सूरज सिंह बिष्ट, नीरज, रितिका रावत, रिन्की, आरती, समृद्धि रावत, साक्षी रावत व ईशा नेगी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर समस्त कैडेटों को रिफ्रेशमेंट भी वितरित किया गया।

प्रतिहस्ताक्षरित
प्राचार्य

Principal
P.N.G. Govt. P.G. College Ramnagar
(Nainital) Uttarakhand

79UKBN NCC — P.N.G. Govt. P.G. College Ramnagar (Nainital) Uttarakhand

23.7.2022
डॉ० डी०एन० जोशी
प्रभारी- 79 यू.के. बटा. एनसीसी
राज. स्नात. महा. रामनगर



उत्तर उजाला 4 — नैनीताल, रविवार 24 जुलाई, 2022

महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण

विधायक बिष्ट ने कल्पतरु के रोपे ग्यारह पौधे

अमृत विचार — www.amritvichar.com — 4 — हल्द्वानी, रविवार, 24 जुलाई 2022

वीर शहीदों की स्मृति में कैडेटों ने किया पौधरोपण


रामनगर महाविद्यालय में पौधरोपण करते कैडेट्स। • अमृत विचार



# Activities Organised

**3**

**पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान, कारगिल विजय दिवस दिनांक 26 जुलाई,2022**





आज

www.ajhindidaily.com

हल्द्वानी, 27 जुलाई 2022 6


## धूमधाम से मनाया कारगिल विजय का शौर्य दिवस

आज समाचार सेवा

रामनगर। कारगिल विजय दिवस पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ.सुमन कुमार द्वारा ध्वजारोहण के बाद महाविद्यालय परिवार एवं एनसीसी कैडेटों द्वारा शौर्य दिवार पर वीर शहीदों के छविचित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ईको क्लब व एनसीसी प्रभारी डॉ.डी.एन.जोशी के संयोजन में 79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई ने स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर में साफ सफाई कर क्लीन कैम्पस,ग्रीन कैम्पस का संदेश दिया।चीफप्रॉक्टर डॉ.जी.सी.पन्त ने कारगिल विजय दिवस व आजादी के 75वें वर्ष पर अमृत महोत्सव के विषय में छात्र छात्राओं को विस्तार से व्याख्यान दिया। एनसीसी कैडेटों द्वारा नशामुक्त भारत एवं सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया।79 यू.के.च 24यू.के.बटालियन की एनसीसी इकाइयों द्वारा महाविद्यालय क्रीड़ा मैदान की बाउंड्री वॉल के किनारे पौधारोपण भी किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में एनसीसी कैडेटों द्वारा कारगिल विजय दिवस से सम्बन्धित देश भक्ति गीत,कविता व भाषण प्रस्तुत किए गए इस दौरान डॉ.एस.एस. मौर्या, लेफ्टिनेंट (डॉ.) कृष्णा भारती, डॉ.भावना पन्त, डॉ.अनुराग श्रीवास्तव, डॉ.मूलचन्द्र शुक्ल, डॉ.अभिलाषा कन्नौजिया, मुरलीधर कापड़ी, सीनियर अन्डर ऑफिसर हर्षित बिष्ट कविता सहित एनसीसी कैडेट मौजूद रहे।

**4**

**एकता दिवस रैली एवं अन्य कार्यक्रम,राष्ट्रीय एकता दिवस दिनांक 31अक्टूबर,2022**











अमर उजाला my city नैनीताल-रामनगर मंगलवार • 01.11.2022 03

amarujala.com/nainital

## रन फॉर यूनिटी के लिए दौड़े युवा

नैनीताल, रामनगर, भीमताल, लालकुआं में सरदार बल्लभ भाई पटेल को किया याद

वाद विवाद में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

विविधता में एकता है हमारे देश की पहचान : सिंह

रामनगर में भी एनसीसी कैडेटों ने लगाई दौड़

पुण्यतिथि पर पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को किया याद

# Workshops Organised

## 8 Workshop on Contribution Towards G-20 Presidency" (10th March, 2023)

CONTRIBUTION TOWARDS G-20 PRESIDENCY

YOUVA

Date: 10/03/2023

79 एनसीसी यूनिट द्वारा ऑनलाइन जागरूकता कार्यशाला, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

पी०एन०जी० राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की 79 यू.के.बीएन. एनसीसी यूनिट द्वारा जी 20 पर ऑनलाइन जागरूकता कार्यशाला, वाद विवाद प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कंट्रीब्यूशन टुवर्ड्स जी 20 प्रेसिडेंसी के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम का विषय "वसुधैव कुटुम्बकम" व एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य ध्येय वाक्य रहा जिसके तहत जी 20 शिखर सम्मेलन के सन्दर्भ में चर्चा की गई। कार्यशाला की रूपरेखा एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ०) डी०एन०जोशी ने प्रस्तुत की। कार्यशाला का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० एम०सी० पाण्डे ने किया उन्होंने बताया कि जी20 शिखर सम्मेलन प्रतिवर्ष किया जाता है यह 18 वां शिखर सम्मेलन है जिसका आयोजन वर्ष 2023 में भारत में किया जा रहा है। इसमें बड़े पैमाने पर व्यापक आर्थिक मुद्दों, व्यापार, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, पर्यावरण एवं अन्य तथ्यों पर मंथन किया जाता है। मुख्य अतिथि कमांडिंग ऑफिसर 79 यूके बीएन एनसीसी नैनीताल कर्नल अजय सिंह ने जी20 समिट के सन्दर्भ में भारत द्वारा प्रतिनिधित्व, आर्थिक विकास एवं वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए उन्होंने महाविद्यालय की एनसीसी द्वारा किये जाने वाले कार्यों की सराहना एवं प्रशंसा भी की तथा वर्ष 2023 में जी 20 की बैठक हेतु उत्तराखण्ड राज्य में रामनगर का चयन होने पर बधाई प्रेषित की। चीफ प्रॉक्टर प्रो० जी०सी० पन्त ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' पर अपने विचार व्यक्त कर जी 20 के सन्दर्भ में इसके वैश्विक महत्व को बताया। प्रो० आर०डी० सिंह व डॉ० सुमन कुमार ने एक धरती एक परिवार, एक भविष्य थीम पर विचार व्यक्त किए तथा प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निर्वहन की। लांस कार्पोरल पंकज कोरंगा ने जी 20, 2023 की प्रासंगिकता पर गहन चर्चा की। अन्त में आयोजक सचिव डॉ० डी०एन०जोशी ने सभी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। इससे पूर्व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पंकज कोरंगा प्रथम, सक्षम चौहान द्वितीय व सूरज पाण्डेय तृतीय स्थान पर रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में पंकज प्रथम व सूरज सिंह बिष्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ० एस.एस. मौर्य, डॉ० लवकुश चौधरी, डॉ० पी०सी० पालीवाल, डॉ० योगेश चन्द्र, डॉ० अनुराग श्रीवास्तव सहित समस्त प्राध्यापकों, एनसीसी कैडेटों में अंडर ऑफिसर वंदना चौहान, कैडेट सक्षम चौहान, सूरज पाण्डेय, पवन पन्त

Page No.: 12

YOUVA

अंकित नेगी, नीरज कुमार, करन पाण्डेय, विजय आर्या, भजन सिंह, सूरज सिंह बिष्ट, कार्तिक बिष्ट, कमलजीत सिंह, S.W. कृष्णा रावत, ज्योतिमा, आकांक्षा, खुशी कोरंगा, शबनम व रिंकी उपस्थित रहे।

प्रतिहस्ताक्षरित

प्राचार्य

Principal
P.N.G. Govt. P.G. College Ramnagar
(Nainital) Uttarakhand

10/3/2023
(हस्ताक्षर)

Lt. (Dr.) DEVKI NANDAN JOSHI
Associate NCC Officer
79 UK BN NCC Nainital
P.N.G. Govt. P.G. College
Ramnagar (Nainital) Uttarakhand

# 79 एनसीसी यूनिट द्वारा जी-20 पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन



(संवाददाता प्राईम काशीपुर)
रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की 79 एनसीसी यूनिट द्वारा जी-20 पर ऑनलाइन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कंट्रीब्यूशन टुवर्ड्स जी 20 प्रेसिडेंसी के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का विषय 'वसुधैव कुटुम्बकम्' एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य रहा जिसके अंतर्गत जी 20 शिखर सम्मेलन के बारे में चर्चा की गई। कार्यशाला की रूपरेखा एएनओ लेफ्टिनेंट ( डॉ. )डी.एन.जोशी ने प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि कमांडिंग ऑफीसर कर्नल अजय सिंह ने जी-20 के बारे में भारत द्वारा प्रतिनिधित्व, आर्थिक विकास एवं वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए।

उन्होंने महाविद्यालय की एनसीसी के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना की।कहा कि जी 20 की बैठक उत्तराखंड राज्य में रामनगर का चयन होने पर गौरव की बात है।कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी पाण्डे ने किया उन्होंने बताया कि जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है जिसमें बड़े पैमाने पर व्यापक आर्थिक मुद्दों, व्यापार,जलवायु परिवर्तन सतत विकास, स्वास्थ्य, कृषि,ऊर्जा,पर्यावरण एवं अन्य पर मंथन किया जाता है। चीफ प्रॉक्टर प्रो.जीसी पंत ने वसुधैव कुटुम्बकम पर अपने विचार व्यक्त कर जी-20 के बारे में इसके वैश्विक महत्त्व को बताया। प्रो. आरडी सिंह व डॉ.सुमन कुमार ने एक धरती,एक परिवार व एक भविष्य थीम पर प्रकाश डाला।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पंकज कोरंगा प्रथम, सक्षम चौहान द्वितीय व सूरज पाण्डेय तृतीय स्थान पर रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में पंकज प्रथम व सूरज सिंह बिष्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. एसएस मौर्य, डॉ. लवकुश चौधरी, डॉ.पीसी पालीवाल, डॉ.योगेश चन्द्र, डॉ.अनुराग श्रीवास्तव



रामनगर में कार्यशाला में बोलते वक्ता। • अमृत विचार

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पंकज कोरंगा प्रथम

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की 79 एनसीसी यूनिट द्वारा जी 20 पर ऑनलाइन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कंट्रीब्यूशन टुवड्र्स जी 20 प्रेसिडेंसी के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का विषय 'वसुधैव कुटुम्बकम्' एक पृथ्वी,एक परिवार,एक भविष्य रहा जिसके अंतर्गत जी20 शिखर सम्मेलन के संदर्भ में चर्चा की गई। कार्यशाला की रूपरेखा एएनओ लेफ्टिनेंट ( डॉ. )डी.एन.जोशी ने प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि कमांडिंग ऑफीसर कर्नल अजय सिंह, आयोजक सचिव डॉ. डीएन जोशी मौजूद रहे। इससे पूर्व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पंकज कोरंगा प्रथम, सक्षम चौहान द्वितीय व सूरज पाण्डेय तृतीय स्थान पर रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में पंकज प्रथम व सूरज सिंह बिष्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ.एस.एस.मौर्य, डॉ.लवकुश चौधरी, डॉ.पी.सी.पालीवाल, डॉ.योगेश चन्द्र, डॉ.अनुराग श्रीवास्तव सहित समस्त प्राध्यापकों, एनसीसी कैडेटों एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया गया।



# Activities Organised

9

**Missoin Life (Life Style For Environment) program 2nd June,2023,**







Home / Social /
रामनगर महाविद्यालय में एनसीसी कैडेटों ने पर्यावरण को बचाने के लिए ली जीवनशैली बदलने की शपथ

CORBETTHALCHAL SOCIAL

**रामनगर महाविद्यालय में एनसीसी कैडेटों ने पर्यावरण को बचाने के लिए ली जीवनशैली बदलने की शपथ**

June 2, 2023 / admin

ख़बर शेयर करें -

चन्द्रशेखर जोशी

रामनगर:-कमान्डिंग ऑफिसर 79 यूके बटालियन एनसीसी



# Activities Organised

## 10

**Online Webinar on Contribution Towards G20 Presidency**
**Date 10th June, 2023**







## 11


**Online Webinar on World Donar Day(Raktdaan Amrit Mahotsav)**
**Date 14th June,2023**




# विश्व रक्तदाता दिवस पर कार्यशाला

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की 79 यूके बटालियन एनसीसी यूनिट द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य प्रो.एमसी पाण्डे ने किया।

उन्होंने कैडेटों को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान करने से रक्त लेने वाले के जीवन की रक्षा तो होती ही है, साथ ही रक्तदाता को भी स्वास्थ्य लाभ होता है। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ.डीएन जोशी ने कैडेटों को विश्व रक्तदाता दिवस के महत्व, उद्देश्य एवं मानव जीवन के लिए इसकी उपयोगिता पर चर्चा की। मुख्य अतिथि कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अजय सिंह ने समाज कल्याण की भावना से रक्तदान की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कैडेटों के प्रयासों की सराहना की। चीफ प्रॉक्टर प्रो.जीसी पंत ने कहा कि विद्यार्थियों को सबसे पहले अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना होगा। क्योंकि जब हम स्वस्थ होंगे तभी किसी की सहायता कर पाएंगे। कैडेटों में रितिका रावत व कमलजीत सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। पोस्टर प्रजेंटेशन में सक्षम चौहान, ईशा नेगी व श्रेया रावत ने अपने पोस्टर प्रस्तुत किए। आयोजक सचिव डॉ.डीएन जोशी ने सभी का आभार प्रकट किया।



# 24 – UK NCC Girls Activities 2022-23




















# PNG Govt. PG College, Ramnagar, Nainital

## NATIONAL SERVICE SCHEME




Child Specialist Dr. Pooja Bisht of Government Hospital Ramnagar giving her views on HIV AIDS




Naturalist Imran Khan of National Corbett Park giving information about World Life




Tehsil and BLO team giving voter's information to the volunteers.




Awareness program under Legal Services Authority




Awareness program under one day camp.




Awareness program under one day camp.







Rally on de-addiction by volunteers of National Service Scheme.




Giving information about the law to the students by the police team

ध्यानी, मनमोहन अग्रवाल, गिरीश मठपाल, सुरेश लाल, नंदराम आदि थे। संवाद

## स्वयंसेवियों को दी मौलिक अधिकारों की जानकारी




रामनगर (नैनीताल)। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर में स्वयंसेवियों को संविधान दिवस के मौलिक अधिकारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रो. आरडी सिंह ने स्वयं सेवियों को कानून में प्रदत्त अधिकारों की जानकारी दी। चीफ प्रॉक्टर प्रो. जीसी पंत ने स्वयं सेवियों को उनके मौलिक अधिकार बताए। इस मौके पर एडवोकेट अश्वनी लटवाल, एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. डीएन जोशी, डॉ. प्रकाश बिष्ट, अंकुर, गीता बिष्ट, प्रेरणा रावत, इरशाद खान, पूर्णिमा, अर्जुन, धीरज ने विचार रखे। इधर, संविधान दिवस पर सिविल कोर्ट परिसर में अपर जिला जज सयन सिंह रावत, एसीजेएम राजेश कुमार व्यास, सिविल जज जूनियर डिविजन कुलदीप नारायण, न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ कुमार ने संविधान की शपथ ली। इस मौके पर कोर्ट स्टाफ, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन सिंह चौहान, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। संवाद



## विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला

आज समाचार सेवा

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर मे विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर के अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी.पाण्डे द्वारा किया गया। प्राचार्य प्रो.पाण्डे ने समस्त स्वयंसेवियों को एचआईवी के संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए व भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों को अपनाने की बात कही। इसके बाद कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संयुक्त चिकित्सालय की डॉ. पूजा ने बताया कि एड्स के शुरुआती दिनों मे किसी तरह के लक्षण सामने नहीं आते हैं। लेकिन कुछ समय के बाद वजन घटना, आंख और नाक के पास धब्बे पड़ना, याददाश्त कमजोर होना, शरीर में दर्द थकावट इत्यादि। गणित विभाग प्रभारी डॉ.प्रमोद जोशी ने बताया कि प्रतिवर्ष 1 दिसंबर विश्व एड्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका आज तक कोई भी इलाज पूर्ण रूप से सामने नहीं आया है समाजशास्त्र विभाग के विभाग प्रभारी डॉ.सुमन कुमार ने एड्स के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 1970 में एचआईवी एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया था। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर जगमोहन सिंह नेगी द्वारा किया गया। साथ ही एचआईवी एड्स के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.शिप्रा पंत ने संगीत के माध्यम से बताया कि अज्ञान के अंधेरों से हमें ज्ञान के उजालों की और चलना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी कुसुम गुप्ता ने एड्स जागरूकता पर अपने विचार रखे। इस दौरान वाणिज्य विभाग के विभाग प्रभारी डॉ.दीपक खाती, राम सिंह व प्रकाश चंद्र मौजूद रहे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है, मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री मुस्कान की जन्मतिथि 03.03.2010 दर्ज है जो कि गलत है जबकि उसकी सही जन्मतिथि 03.03.2008 है। अतः भविष्य मे उसकी सही जन्मतिथि 03.03.2008 दर्ज की जाये।

सूचनादाता–
रामलाल पुत्र लाला राम,
निवासी–खिलाऊ ताम्र,
पो० खम्बरासी,
धूमाकोट (पौड़ी गढ़वाल)

...नगर से नेपाल रवाना होता कलाकारों का दल। • अमृत विचार

...प्रथमा नेगी, ओम प्रकाश आदि कलाकार शामिल हैं।

# रामनगर डिग्री कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

**संविधान दिवस**

अमृत विचार, रामनगर

पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के रासेयो द्वारा एक दिवसीय शिविर के अंतर्गत संविधान दिवस के मौलिक अधिकारों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर आरडी सिंह ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व बार काउंसिल अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी ने संविधान की जानकारी दी। महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर जीसी पंत, एडवोकेट अश्वनी लटवाल, एडवोकेट वीरेंद्र सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. आरएस कन्नौजिया, डॉ. सुमन कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में डॉ. प्रकाश बिष्ट, अंकुर, गीता बिष्ट, प्रेरणा रावत, इरशाद खान, पूर्णिमा, अर्जुन, धीरज आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किये। राम सिंह, प्रकाश चंद्र, बलवंत, भगत सिंह ने विशेष सहयोग प्रदान किया।



रामनगर में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते प्राचार्य। ● अमृत विचार

## विश्व एड्स के बचाव में भारतीय संस्कृति मददगार

ी राजकीय
द्यालय रामनगर
स पर राष्ट्रीय सेवा
सीय शिविर के
ा कार्यशाला का
या। कार्यक्रम का
लय के प्राचार्य

प्रोफेसर एमसी पांडे ने किया। पांडे ने कहा कि विश्व एड्स के बचाव में भारतीय संस्कृति काफी मददगार है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. पूजा ने अपने व्याख्यान में कहा कि एड्स के शुरुआती दिनों मे किसी तरह के लक्षण सामने नहीं आते हैं लेकिन कुछ समय के बाद इसके लक्षण दिखने लगते हैं। गणित विभाग प्रभारी डॉ. प्रमोद जोशी, समाजशास्त्र विभाग के विभाग प्रभारी डॉ. सुमन कुमार ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. जगमोहन सिंह नेगी ने किया।



रामनगर मे एनएसएस स्वयंसेवियो को सम्बोधित करते प्राचार्य।

### देश के लिए मतदान अवश्य करें : पांडे

रामनगर। मतदान हर नागरिक का अधिकार है। सबको मतदान करने के लिए प्रेरित करना युवाओं का एक बड़ा कर्तव्य भी है। यह बात डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर मे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता पर कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कही। रजिस्ट्रार कानूनगो हरीश चंद्र बुढ़िष्ट ने मतदान से संबंधित नियमो की जानकारी दी। एनएसएस के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जगमोहन सिंह नेगी ने संचालन किया। बीएलओ कोऑर्डिनेटर अखिलेश मैंदोला ने बताया कि सरकार द्वारा आठ दिसंबर तक पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत मतदाता ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कर सकते है। कार्यक्रम मे बीएलओ दीपा थापा, किरन जोशी, प्रेमा पांडे, गंगा बिष्ट, पूनम गोला, प्रीति विद्यार्थी द्वारा युवा मतदाताओं के ऑनलाइन नये पहचान पत्र बनाये गये।

## मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

### मतदाता के महत्व एवं उसकी भूमिका के विषय में दी जानकारी

स्वतंत्र चेतना



रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कर प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी.पाण्डे ने स्वयंसेवियों को मतदाता के महत्व तथा मतदान हेतु मतदाताओं की भूमिका के विषय में बताया।रजिस्ट्रार कानूनगो हरीश चंद्र बुढ़िष्ट ने मतदान से संबंधित नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रो0 जगमोहन सिंह नेगी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए मतदाता जागरूकता पर अपने विचार प्रकट किये एवम युवा मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिये प्रोत्साहित किया।इसके उपरांत बी एल ओ कोऑर्डिनेटर अखिलेश मैंदोला ने स्वयंसेवियों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के विषय में बताया कि सरकार द्वारा नौ नवंबर से आठ दिसम्बर 2022 तक पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत मतदाता ऑनलाइन या ऑफलाईन आवेदन कर सकते है। कार्यक्रम में बी एल ओ दीपा थापा, किरन जोशी,श्रीमती प्रेमा पाण्डे, गंगा बिष्ट, पूनम गोला ,प्रीति विद्यार्थी द्वारा युवा मतदाताओं के ऑनलाइन नये पहचान पत्र बनाये गये। कार्यक्रम में डॉ.शिप्रा पंत एवं डॉ.ममता भदोला जोशी उपस्थित रहे।

यपीपीएससी की परीक्षा में

## विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

( संवाददाता प्राईम काशीपुर )




रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर मे विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर के अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी.पाण्डे द्वारा किया गया।इसके उपरांत प्राचार्य प्रो. पाण्डे ने समस्त स्वयंसेवियों को एचआईवी के संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए वभारतीय संस्कृति एवं मूल्यों को अपनाने की बात कही।इसके बाद कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संयुक्त चिकित्सालय की डॉ. पूजा ने अपने व्याख्यान में बताया कि एड्स के शुरुआती दिनों मे किसी तरह के लक्षण सामने नहीं आते हैं लेकिन कुछ समय के बाद इसके लक्षण दिखने लगते हैं जैसे वजन घटना, आंख और नाक के पास धब्बे पड़ना,याददाश्त कमजोर होना, शरीर में दर्द थकावट इत्यादि।गणित विभाग प्रभारी डॉ.प्रमोद जोशी ने बताया कि प्रतिवर्ष 1 दिसंबर विश्व एड्स दिवस के रूप में मनाया जाता है इसका आज तक कोई भी इलाज पूर्ण रूप से सामने नहीं आया है एड्स के लक्षण दिखने में कुछ महीने लग सकते हैं इसके उपरांत समाजशास्त्र विभाग के विभाग प्रभारी डॉ.सुमन कुमार ने एड्स के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 1970 में एचआईवी एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया था।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर जगमोहन सिंह नेगी द्वारा किया गया एवं साथ ही एचआईवी एड्स के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला।छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.शिप्रा पंत ने संगीत के माध्यम से बताया कि अज्ञान के अंधेरों से हमें ज्ञान के उजालों की ओर चलना चाहिए।कार्यक्रम अधिकारी कुसुम गुप्ता ने एड्स जागरूकता पर अपने विचार रखे।कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के विभाग प्रभारी डॉ.दीपक खाती,राम सिंह व प्रकाश चंद्र ने विशेष सहयोग प्रदान किया।




(Prof. Jagmohan.Singh. Negi)
Senior Programme officer, NSS
Govt.P.G.College Ramnagar, Nainital
Uttarakhand

# B. Ed. Activities 2022-23



# B. Ed. Activities 2022-23






# B. Ed. Activities 2022-23



## B. Ed. Activities 2022-23



## B. Ed. Activities 2022-23



Boating in Kashi ghat

# B. Ed. Activities 2022-23





# B. Ed. Activities 2022-23



उत्तराखंड

मुरादाबाद, बुधवार 15 फरवरी 2023 3

# विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित कर गया कैंपस स्टूडेंट बाजार

खबर का असर।
मोहम्मद कैफ खान

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में विद्यार्थियों द्वारा कैम्पस स्टूडेंट बाजार विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित कर गया।महात्मा गांधी नेशनल काउंसलिंग ऑफ रूरल एजुकेशन शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से महाविद्यालयों में कारोबारी, कारीगरी एवं उद्यमिता विकास के अंतर्गत विद्यार्थियों के गठित विभिन्न स्वयं सहायता समूह के द्वारा स्थानीय स्वनिर्मित पहाड़ी उत्पादों के स्टाल लगाए गये।कैम्पस स्टूडेंट बाजार का उद्घाटन प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे द्वारा रिबन काट कर किया गया।कार्यक्रम संयोजिका डॉ.शिप्रा पंत व डॉ.ममता भदोला जोशी द्वारा विभिन्न स्टालों का संक्षिप्त परिचय दिया गया।इसके बाद चीफ प्रॉक्टर प्रो.जी.सी.पंत ने समस्त प्रतिभागी छात्र छात्राओं को आयोजन की सफलता हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस एक दिवसीय बाजार में विद्यार्थियों द्वारा सोयाबीन, उड़द,गहत, भांग,भंगीरा, जख्या, पहाड़ी नमक,हाथ से बने चिप्स, पापड़, आलू के चिप्स,साबूदाने के चिप्स, विभिन्न प्रकार के अचार, बुरांश और माल्टे का जूस, हस्तशिल्प कला के अंतर्गत शीशा,की रिंग,शो पीस, ऐपण के फोटो फ्रेम,दिये,फूलदान, हाथ के बने स्केच,मेहंदी,नींबू सना,आलू के गुटके,छोले, प्रसिद्ध पुस्तकें,मक्का से बने बिस्किट,नींबू पानी,मसाला चाय,हस्त निर्मित रुमाल, कुशन कवर,हस्त निर्मित पेंटिंग,अनुपयोगी वस्तुओं से निर्मित पेन होल्डर इत्यादि विविध पहाड़ी उत्पादों का सफलतापूर्वक विक्रय किया गया।प्रतिभागियों के द्वारा 12 स्टाल लगाए गए।इनके अतिरिक्त रोवर्स रेंजर्स, नमामि गंगे,एनसीसी,एनएसएस,योग विभाग एवं छात्र संघ के द्वारा सहयोग किया गया।79 यूके बटालियन एनसीसी के कैडेटों द्वारा इन्टरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स 2023 का प्रचार प्रसार कर मडुआ, झुंगरा,बाजरा आदि से बने उत्पादों का स्टॉल लगाया गया। कैंपस स्टूडेंट बाजार में महाविद्यालय के सांस्कृतिक परिषद,संगीत विभाग तथा अन्य विद्यार्थियों द्वारा लोक नृत्य व लोक गीतों का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया। बाजार से आकर्षित होकर विदेशी पर्यटकों ने

ने भी बाजार का आनंद लिया।इस अवसर पर राज्य कर अधिकारी रामनगर मितेश्वर आनन्द,पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष गणेश रावत,दीपक ध्यानी व अन्य स्थानीय नागरिकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा कर उत्साहवर्धन किया।बाजार में लगे स्टालों में गीता कांडपाल,चेतना त्रिपाठी,नूर शहजादी,आँचल सागर,आरजू,बुशरा, मंतशा, यास्मीन,संजना रावत, कविता बिष्ट,कोमल ,रजनी, रश्मि,आशा, अंजूलता , हेमलता,शमा, निशा, कविता , ममता, जाफरीन, दिव्या,मेघा , नमीता, अंकिता, भावना,सक्षम, करन,ज्योति सहित बी. एड. के 53 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।मूल्यांकन समिति द्वारा बी.एड.प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गयी स्टाल को प्रथम,एमए.तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को द्वितीय,संजना रावत समूह को तृतीय स्थान दिया गया। ममता सत्यवली व छात्र संघ के स्टाल को संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार दिया गया।मंच संचालक डॉ.डी.एन.जोशी ने सभी का धन्यवाद किया।इस अवसर पर प्रो.आर .डी.सिंह, प्रो.जे. एस.नेगी ,प्रो.अनीता जोशी,डॉ .निवेदिता अवस्थी सहित समस्त प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, छात्र संघ पदाधिकारी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

